कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्या–एम0ई0–3 / नर्सिंग–2022 / लखनऊ, दिनांक– 13 दिसम्बर, 2022

बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग 2022 के ऑनलाईन मॉप–अप राउण्ड की समय–सारिणी

नर्सिंग–2022 के अन्तर्गत राजकीय / निजी क्षेत्र के नर्सिंग कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रमों हेतु आनलाईन मॉप–अप राउण्ड की समय–सारिणी निम्नवत् है:–

ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	दिनांक 13.12.2022 को अपरान्ह 5:00 बजे से दिनांक 17.12.2022 को अपरान्ह 2:00 बजे तक
ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांक 13.12.2022 को अपरान्ह 5:00 बजे से दिनांक 17.12.2022 तक
सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 13.12.2022 को अपरान्ह 5:00 बजे से दिनांक 17.12.2022 तक
ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग की तिथि	दिनांक 20.12.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 22.12.2022 को अपरान्ह 2:00 बजे तक
परिणाम घोषित करने की तिथि	24.12.2022
आवंटन पत्र डाउनलोड करने एवं प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक 26.12.2022 से दिनांक 28.12.2022 तक

- अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं के0जी0एम0यू0, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से कराई गयी नर्सिंग पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही अर्ह माने जायेंगे, उक्त परीक्षा में घोषित मेरिट के आधार पर ही आवंटन की प्रकिया सम्पन्न की जायेगी।
- मॉप–अप राउण्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिन्हें यू0पी0 नर्सिंग काउंसिलिंग 2022 के प्रथम अथवा द्वितीय चक्र के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- यू0पी0 नर्सिंग काउंसिलिंग 2022 की प्रथम अथवा द्वितीय काउंसिलिंग से बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम में आवंटन प्राप्त प्रवेशित / अप्रवेशित / त्याग–पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउण्ड के लिए अर्ह नहीं होंगे।
- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी द्वारा **पंजीकरण शुल्क रू0 500/–** ऑन–लाईन के माध्यम से डेबिट कार्ड / केडिट कार्ड / नेट बैंकिंग द्वारा जमा की जायेगी। पंजीकरण शुल्क किसी भी दशा में वापस देय नहीं होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रकिया के दौरान आवंटित रोल नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन नं0 का उपयोग कर वेबसाईट https://nursing.upsdc.gov.in पर लॉग–इन किया जाएगा।
- पंजीकरण के पश्चात् अभ्यर्थी को **धरोहर धनराशि रू0 5,000/**–ऑन–लाईन के माध्यम से डेबिट कार्ड / केडिट कार्ड / नेट बैंकिंग द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा। **पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।**
- बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु UR/EWS हेतु 40 प्रतिशत (80 अंक) एवं SC/ST/OBC हेतु 30 प्रतिशत (60 अंक) तक के अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
- दिव्यांगजन अभ्यर्थी के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रदेश के राजकीय / स्वशासी मेडिकल कालेजों / विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे।
- आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी प्रारूप पर ही मान्य होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी माने जायेंगे तथा निजी क्षेत्र की सीटों हेतु ही अर्ह होंगे।
- किसी भी अभ्यर्थी / अभिभावक को आवंटन के सम्बन्ध में कोई भी सूचना व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जाएगी। सम्बन्धित सूचनाओं हेतु अभ्यर्थी / अभिभावक विभागीय वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
- मॉप–अप राउण्ड से आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया आवंटित कालेज में ही पूर्ण की जाएगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं एवं विस्तृत विवरण बेबसाईट **https://nursing.upsdc.gov.in & www.dgme.up.gov.in** पर देखा जा सकता है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक।

संख्या–एम0ई0–3 / नर्सिंग–2022 / 2932 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. इण्डियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली।
5. कुल सचिव, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ / के0जी0एम0यू0, लखनऊ / यू0पी0यू0एम0एस0, सैफई, इटावा।
6. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय / स्वशासी / निजी क्षेत्र के नर्सिंग कालेज / संस्थान, उ0प्र0।
7. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को वेबसाईट **https://nursing.upsdc.gov.in** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
8. मेसर्स कुशाग्र एडवरटाइजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार–पत्र दैनिक जागरण के लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, दैनिक हिंदुस्तान के कानपुर, झांसी, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी एवं अमर उजाला के लखनऊ, आगरा, मुरादाबाद, अलीगढ़, मेरठ तथा बरेली के संस्करणों में **दिनांक 14 दिसम्बर, 2022** को सूक्ष्म अक्षरों, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियों सहित बिल 02 प्रतियों में भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
9. आहरण–वितरण अधिकारी / कैशियर / नाजिर / विधि अनुभाग चिकित्सा शिक्षा।
10. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
11. सूचना पट।

महानिदेशक।